प्रदूषण (2)

ध्वनि प्रदूषण परिवहन के साधनों के हार्नों की तेज आवाज, रेडियो, टेलीविजन को तेज ध्वनि तथा मशीनों के चलने से होने वाली खड़खड़ाहट से उत्पन्न शोर से फैलता है। इससे सिर दर्द, उच्च रक्तचाप आदि रोग हो जाते हैं।

भूमि प्रदूषण रासायनिक खादों, कीटनाशक दवाइयों के प्रयोग से फैलता है। इससे भूमि में उत्पन्न अनाज, फल व सब्जियाँ भी दूषित हो जाती हैं। इनको खाने से पेट संबंधी अनेक रोग उत्पन्न होते हैं।

इस प्रकार प्रदूषण अनेक प्रकार से शरीर के लिए घातक है। इससे शारीरिक व मानसिक रोग हो जाते हैं।

प्रदूषण से बचने के लिए हमें बड़ी संख्या में वक्ष लगाने चाहिए।वनों की रक्षा करनी चाहिए। कल-कारखानों को शहर से दूर लगाना चाहिए। रेडियो, टेलीविजन को कम आवाज में सुनना चाहिए। तालाबों व नदियों में नहाना-धोना नहीं चाहिए।